# मिशन सक्सेस सेमिनार में उद्यमियों को बताए सफलता के गुर

## सीमा एसोसिएशन का आयोजन

**सिलवासा, 27 जून**

सिलवासा इंडस्ट्रीज एवं मैनिफक्चरिंग ऐसोसिएशन सीमा की ओर से बुधवार को यहां पिपरिया में हीरावन गार्डन के पीछे स्थित उद्योग सहकारी संघ के कान्फ्रेंस हाल में निशुल्क सेमिलार का आयोजन किया गया।

सीमा के अध्यक्ष चंद्रकांत पारीक ने बताया कि सेमनिार में छोटेश मझौले तथा माइक्रो उद्योगों के उद्यमियों ने भाग लिया। सेमिनार में बिजनेस ट्रेनर मृगेश भट्ट ने उद्योगों के संचालन में आने वाली परेशानियों के समाधान के साथ ही मध्यम व लघु उद्योगों को उत्पादन बढ़ाने के साथ ही प्रोफिट कमाने के तरीके बताए गए। ट्रेनर ने उद्यमियों को बताया कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में छोटे उद्योग किस तरह बाजार में अच्छा उत्पादन देकर अपनी अहम भूमिका बरकरार रख सकते हैं। इस विषय पर व्यापारियों को विस्तार से टिप दिए गए। उन्होंने कहा कि जो व्यवसाय किया जा रहा है उसके बारे में संबंधित उद्यमी को पूरी जानकारी होनी चाहिए। उनको अपने मिशन और उसमें सफलता हासिल करने के तरीके बताए गए। सेमिनार में उद्यमियों को समझाया गया कि कम लागत में किस तरह वे उत्पादन बढ़ा सकते हैं और किस तरह से वे बाजार को श्रेष्ठ उत्पादन दे सकते हैं। सेमिनार में दानह औद्योगिक संस्थानों के कई उद्यमियों ने भाग लेकर सफल बिजनेस के गुर सिखे। इस दौरान सीमा के सचिव नरेंद्र त्रिवेदी, एग्जीक्युटिव सेक्रेट्री पिंकी हिमानी, उपाध्यक्ष अजीत देशपांडे सहित कई उद्यमी मौजूद थे। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर सेमिनार का शुभारंभ किया।